आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 14.10.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मानसिक स्वास्थ्य के लिए उत्तराखंड सरकार की नई पहल, आपदा के समय मदद के लिये लगभग 100 स्वास्थ्यकर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण।
- राज्य मंत्रिमण्डल ने प्रदेश के सभी मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में परिवर्तित करने की मजूरी दी।
- देश में खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर आठ साल के निचले स्तर एक दशमलव पांच–चार प्रतिशत पर।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्य धाम के अंतिम चरण के कामों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए।

आपदा प्रबंधन/मानसिक स्वास्थ्य

उत्तराखंड सरकार ने आपदा प्रबंधन में अब मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा को भी शामिल किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान–निमहांस, बेंगलुरू के सहयोग से यह पहल शुरू की है।

देहरादून के चंदरनगर प्रशिक्षण केंद्र से शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत तीन चरणों में देहरादून, पौड़ी और नैनीताल जिलों के लगभग 100 स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इनमें मनोचिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी और काउंसलर शामिल हैं, जो आपदा प्रभावित परिवारों को मानसिक और भावनात्मक सहायता प्रदान करेंगे।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि आपदाओं में केवल घर नहीं, मन भी टूटते हैं। अब हर जिले में प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी तैयार किए जाएंगे, जो मानसिक पुनर्वास में सहयोग देंगे।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने कहा कि यह पहल राज्य के आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक मानवीय बनाएगी। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य इस पहल को सभी जिलों में लागू कर मानसिक स्वास्थ्य आपदा प्रतिक्रिया टीम गठित करना है, ताकि उत्तराखंड मनोसामाजिक आपदा प्रबंधन में मॉडल राज्य बन सके।

## युवा आपदा मित्र

राज्य आपदा मोचन बल–एसडीआरएफ के जौलीग्रांट मुख्यालय में कल से 'युवा आपदा मित्र योजना' के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने पहले बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

इस योजना के तहत प्रदेश के 11 जिलों के कुल 4 हजार 310 स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनमें एनएसएस, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्य शामिल हैं। जौलीग्रांट स्थित एसडीआरएफ मुख्यालय में एक हजार 220 स्वयंसेवकों को 17 बैचों में मार्च 2026 तक प्रशिक्षित किया जाएगा।

पहले बैच में 35 स्वयंसेवक सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें प्राथमिक चिकित्सा, खोजबीन तकनीक, रोप रेस्क्यू और सामान्य आपदा प्रबंधन जैसे विषय शामिल हैं। सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने कहा कि यह प्रशिक्षण युवाओं में नेतृत्व, सेवा भावना और उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करेगा।

## कैबिनेट मंजूरी

प्रदेश के सभी मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को अब पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में परिवर्तित किया जाएगा। साथ ही सुपरवाइजर नियमावली में संशोधन कर 50 प्रतिशत पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पदोन्नति का अवसर देने का निर्णय भी लिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रीमण्डल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में कुल आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं–ए०एन०एम और पर्यवेक्षकों को सेवा अवधि में एक बार अंतरजनपदीय तबादले की अनुमति देने के नियम में संशोधन को भी मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने देहरादून के रायपुर विधानसभा क्षेत्र में बनने वाली नई विधानसभा भवन परियोजना के लिए फ्री जोन में निर्माण की अनुमति प्रदान की, जिससे मकान और दुकानों के निर्माण में सहूलियत होगी।

समान नागरिक संहिता नियमावली में भी आंशिक संशोधन को स्वीकृति दी गई। इसके तहत अब नेपाल और भूटान के नागरिकों की शादियों का पंजीकरण आधार कार्ड या विदेशी पंजीकरण के आधार पर यूसीसी पोर्टल पर किया जा सकेगा।

## नियुक्ति पत्र वितरण

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित एक हजार 347 सहायक अध्यापक (एलटी) को आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। चयनित शिक्षकों को राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में प्रथम तैनाती दी जाएगी।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को चयनित अभ्यर्थियों की सूची सौंप दी है। डॉ. रावत ने बताया कि गढ़वाल मंडल में सामान्य और महिला शाखा के तहत 681 पदों पर और कुमाऊं मंडल में 671 पदों पर शिक्षकों का चयन हुआ है।

## सहकारिता मेला शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रीनगर गढ़वाल के आवास विकास मैदान में आयोजित नौ दिवसीय सहकारिता मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का निरीक्षण कर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी और सहकारिता मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को कृषि, बागवानी और पशुपालन के लिए पांच–पांच लाख रुपये के चेक वितरित किए और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

## खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट

देश की खुदरा मुद्रास्फीति इस साल सितंबर में घटकर एक दशमलव पांच–चार प्रतिशत पर आ गई। यह पिछले आठ वर्ष में सबसे कम है। पिछले महीने यह दो दशमलव शून्य–सात प्रतिशत थी।

अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति दर में भी लगातार चौथे महीने गिरावट आई। सितंबर महीने में यह दो दशमलव दो–आठ प्रतिशत पर आ गई। मंत्रालय के अनुसार मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, तेल, फलों, दालों और अनाज की कीमतों में गिरावट के कारण आई है।

## पर्यटन सचिव निरीक्षण

पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने चंपावत जिले के विभिन्न पर्यटन और खेल विकास स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले, प्रस्तावित स्पिरिचुअल ज़ोन का निरीक्षण किया, इसके बाद लोहाघाट में कोलीढेक झील और बाणासुर किले के पैराग्लाइडिंग क्षेत्र का दौरा किया। सचिव ने बाणासुर क्षेत्र को प्रमुख पैराग्लाइडिंग हब के रूप में विकसित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि चंपावत प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक महत्व का अद्वितीय संगम है, और इन स्थलों का सुनियोजित विकास जिले को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा। सचिव ने जिलाधिकारी मनीष कुमार के साथ गोलज्यू कॉरिडोर का निरीक्षण करते हुए डिज़ाइन और निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

श्री गर्ब्याल ने बालेश्वर मंदिर के संवर्धन और बेहतर प्रबंधन के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने, गौरलचौड़ मैदान के पीछे ओपन एयर थिएटर स्थापित करने और क्रिकेट पिच की मरम्मत कर खेल सुविधाओं को उन्नत करने के निर्देश दिए।

## सैन्य धाम निर्माण कार्य

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्य धाम के अंतिम चरण के कार्य को शीघ्रता से पूरा करने और इसके लोकार्पण से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए हैं।

देहरादून स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सैन्य धाम उत्तराखंड के वीर सैनिकों की शौर्यगाथा और उनके बलिदान को समर्पित है, इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता और भव्यता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने रंग–रोगन और सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

श्री जोशी ने कहा कि यह धाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के नागरिकों में देशभक्ति और सम्मान की भावना जागृत करेगा।

## जन शिकायत निस्तारण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी सर्किट हाउस में आम जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी संगठन, सामाजिक संस्थाएं, महिला समूह, किसान और आम नागरिक शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और जनता की समस्याओं का समाधान ही सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की गति तेज की जाए, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो और शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी शासन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध है ताकि नागरिकों को प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## हर घर स्वदेशी

मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी और संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए "स्वदेशी अपनाओ अभियान" को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी दरों में कमी कर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य में भी इस अभियान को व्यापक स्तर पर फैलाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया टीम से कहा कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर "हर घर स्वदेशी, घर–घर स्वदेशी" का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दें।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

राज्य मंत्रिमण्डल के निर्णयों की खबर को सभी अखबारों ने प्राथमिकता दी है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– राज्य सरकार ने खोले कर्मचारियों की पदोन्नति के रास्ते, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले।

प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की पदोन्नति का कोटा 50 प्रतिशत हुआ– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– सुपरवाइजर सेवा नियमावली 2021 के संशोधन को कैबिनेट ने दी मंजूरी।

आपदा प्रबंधन में मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा को भी मिलेगी प्राथमिकता– अमर उजाला का शीर्षक है– खबर के मुताबिक निमहांस बंगलूरू के सहयोग से स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष प्रशिक्षण शुरू।

दून मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में हुए विवाद के मामले में प्रबंधन ने की कार्रवाई– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– देर रात हॉस्टल में पार्टी करने के चलते पीजी डॉक्टर को हॉस्टल से किया निष्कासित, दस पर लगा जुर्माना।